आइआइएम रांची. एनुअल स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फेस्ट में दिखा सबका दम, सिंगर अर्जुन ने सबको झुमाया

स्पोर्ट्स और म्यूजिक का मचा खूब धमाल

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची के एनुअल स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फेस्ट रश 4.0 में स्टूडेंट्स ने ज़मकर मस्ती की. स्पोर्ट्स और संगीत की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया. उत्साह की जबरदस्त भीड़ रही. इस फेस्ट में आइआइएम रांची, एक्सएलआरआइ, आइआइएम बोधगया, रिम्स रांची, बीआइटी मेसरा, बीआइटी सिंदरी, किट ओड़िशा और इक्फाई विवि के विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला. बैडमिंटन, वॉलीबॉल, क्रिकेट, एथलीट और फुटबॉल जैसे इवेंट में अपनी प्रतिभा दिखायी. खिताब भी जीते.



सिंगर अर्जुन का आइआइएम में धमाल

बॉलीवुड के मशहूर सिंगर, कंपोजर एवं प्रोड्यूसर अर्जुन कानूनगो ने अपने गीत-संगीत से खेलगांव में आयोजित लाइव कंसर्ट में खासा रंग जमाया. उन्होंने एक से बढ़कर एक गानों की प्रस्तुति दी. अपने सिग्नेचर लव सांग आया न तू ....से कार्यक्रम का आगाज किया. तू ना मेरा ... गल्ला टिप्सिया ...फुर्सत सहित कई गानों से यंग आइआइएम देर रात तक झूमता रहा.

Prabhat Khabar, 04.02.2019, Pg. 17 - 1